हरिभूमि
# महासमुंद भूमि
रायपुर, शनिवार 11 मई 2024

तापमान
अधिकतम 38.2 डिग्री
न्यूनतम 26.6 डिग्री

11 बसना में कलेक्टर ने किया निर्माण कार्यों...



12 अक्षय तृतीया पर किसानों ने देवी-देवताओं में धान...





## खबर संक्षेप

### महुआ शराब जब्त

**महासमुंद**। बलौदा पुलिस ने ग्राम पुजारीपाली और छिबर्रा के बीच आरोपी महादेव तरिया उर्फ रैंधिया पिता दशरथ तरिया के कब्जे से 10000 एमएल महुआ शराब कीमत 2000 रुपए जब्त किया है। पुलिस ने आरोपी के खिलाफ धारा 34 (2) आबकारी एक्ट के तहत कार्रवाई की है।

### वॉट्सएप पर सट्टा खिला रही महिला गिरफ्तार

**महासमुंद**। सिटी कोतवाली पुलिस ने नगर के नयापारा में मोबाइल के जरिए सट्टा खिला रही एक महिला को गिरफ्तार किया है। आरोपी महिला के खिलाफ धारा 7 छग जुआ प्रतिषेध अधिनियम 2022 अपराध दर्ज किया गया है। पुलिस ने बताया कि मुखबिर से सूचना मिली थी कि एक महिला संतोषी मंदिर के पास नयापारा महासमुंद मे मोबाईल के माध्यम से ऑनलाइन सट्टा खिला रही है। पुलिस ने मुखबिर की निशानदेही पर पहुंचकर महिला से पूछताछ की। जिस पर आरोपी ने अपना नाम हीरा ध्रुव पिता कन्हैया ध्रुव (36) निवासी वार्ड नं 7 संतोषी मंदिर के पास नयापारा महासमुंद का निवासी होना बताया। आरोपी के कब्जे से 01 नग वन प्लस नॉर्ड सीई 5जी कंपनी का टचस्क्रीन मोबाइल कीमत करीबन 10000 रुपए, मोबाइल स्क्रीनशॉट 24 नग जिसमे रुपए पैसों का दांव लगा हुआ सट्टा पट्टी, नगद रकम 710 रुपए कुल 10710 रुपए को बरामद किया गया। मामले में आरोपी महिला को गिरफ्तार कर लिया गया है।

### ट्रैक्टर को गली में रखने को लेकर विवाद, मारपीट



**महासमुंद**। ट्रैक्टर को गली में रखने को लेकर हुए विवाद में एक व्यक्ति के साथ मारपीट का मामला सामने आया है। मामले में पुलिस ने आरोपियों के खिलाफ कार्रवाई की है। पुलिस को प्रार्थी युधिष्ठिर निषाद पिता हीरालाल निषाद (32) ग्राम तरेकेल चौकी भंवरपुर ने बताया कि 8 मई को रात करीबन 9 बजे रात को मैं अपने ट्रैक्टर को आंगनबाड़ी के पास खड़ा किया था, जिस पर गांव के दिल कुमार एवं कृष पटेल द्वारा ट्रैक्टर को गली में खड़ा करने से आने जाने में दिक्कत हो रही कहते हुए गाली गलौज की गई, वहीं जान से मारने की धमकी देकर हाथ में रखे डंडा से दोनों ने एक राय होकर मारपीट किया। जिससे मेरे पीठ, बाएं हाथ, सिर में चोट लगी है। वहीं दोनों आरोपियों ने कुछ समय बाद मेरे घर पहुंचकर मोटर सायकल एवं तखत को क्षतिग्रस्त कर दिया। साथ ही मेरी मां राधाबाई के साथ दिल कुमार की पत्नी पदमा, उसकी मां कलावती ने भी विवाद किया। पुलिस ने मामले में आरोपियों के खिलाफ धारा 294, 323, 506, 427, 34 के अंतर्गत कार्रवाई की है।

# सरकारी दफ्तरों, बैंकों और एटीएम में रैंप नहीं, दिव्यांगजनों को परेशानी

हरिभूमि न्यूज ▶▶| महासमुंद

जिला मुख्यालय सहित आसपास के अनेक शासकीय कार्यालयों, पालिका, बैंकों व नगर पंचायतों में दिव्यांग जन रैंप नहीं होने की वजह से दिव्यांगजनों को काफी परेशानियों का सामना करना पड़ रहा है। ऐसे में भीषण गर्मी की वजह से दफ्तरों की सीढ़ियां गर्म हो जाती है, जिसमें दिव्यांग हाथ के सहारे चलने मजबूर हो जाते हैं। रेलवे स्टेशन हो या बस स्टेंड या कोई सरकारी दफ्तर तकरीबन सभी जगहों का हाल एक समान है।

बता दें कि समाज के मुख्यधारा से जोड़ने तथा आत्मनिर्भर बनाने के लिए दिव्यांगों के लिए भी शासन द्वारा कई योजनाएं चलाई जा रही हैं। इन्हीं योजनाओं के संबंध में दिव्यांगों को निजी संस्थानों सहित शासकीय विभागों तक जाना होता है। इसलिए, इनकी सुविधाओं को देखते हुए सभी शासकीय दफ्तरों के अलावा निजी संस्थानाओं में भी दिव्यांगों के लिए रैंप बनाने के निर्देश है। इसके बावजूद शासकीय ही नहीं अनेक आर्थिक शासकीय तथा निजी संस्थानों में भी रैंप का अभाव है। शहर में कई बैंकों व एटीएम की ऊंचाई ज्यादा है। इसी के साथ सीढ़ियां बनाई हुई है। इससे बैंक व एटीएम तक दिव्यांग बैंक व एटीएम तक नहीं पहुंच पाते हैं। जिस पर सरकारी कार्यालयों के आगे दिव्यांगजन बाहर बैठकर मदद मांगने पर मजबूर हो रहे हैं।

## वर्षों से केवल रैंप पर बातें ही होती रहीं, काम नहीं, दिव्यांगों को लेनी पड़ती है दूसरे की मदद

### जिले में 441 दिव्यांग

समाज कल्याण विभाग के आंकड़ों के हिसाब से देखें तो जिले में करीब 441 दिव्यांग है। इन लोगों द्वारा सरकारी कार्य को लेकर दफ्तर आना पड़ता है। लेकिन, कई दफ्तरों में रैंप नहीं होने का कारण अपनी समस्या शासकीय कार्यालय में नहीं बता पा रहे। ऐसी जगहों में दिव्यांग जनों को आवेदन देना होता है तो वे किसी की मदद से अपने आवेदन को उसके विभाग तक पहुंचा पाते हैं।



### प्रथम तल में ही रैंप

नगर परिषद कार्यालय में रैंप की सुविधा नहीं है। कार्यालय में दिनभर लोगों के साथ साथ दिव्यांग जनों का भी काम को लेकर आना जाना लगा रहता है। कलेक्टोरेट में अनेक सरकारी कार्यालय है। जिनमें दिनभर लोगों का आना-जाना लगा रहता है। भवन में ग्राउंड फ्लोर में ही रैंप की सुविधा है। ऐसी स्थिति में दिव्यांगजन ऊपरी मंजिल में बने कार्यालय में नहीं पहुंच पाते हैं। इधर जिला पंचायत में भी यही स्थिति है।

## ग्रीन गोल्ड : माहभर में 91300 मानक बोरा तेंदूपत्ता के संग्रहण का है लक्ष्य

# तेंदूपत्ता तोड़ाई में जुटे जिले के 66 हजार संग्राहक, 7 दिन में 60 फीसदी लक्ष्य पूरा

हरिभूमि न्यूज ▶▶| महासमुंद

वनांचल में निवासरत करीब एक लाख से ज्यादा ग्रामीणों की आजीविका का बड़ा जरिया तेंदूपत्ता संग्रहण का कार्य सप्ताहभर से चल रहा है। इसके साथ ही जंगलों में चहल-पहल भी बढ़ गई है। जिले में कुल 785 फड़ों में इस हरा सोना का संग्रहण किया जा रहा है। बीते सात दिनों में लक्ष्य का 60 फीसदी संग्रहित कर लिया गया है और आने वाले दिनों में मौसम ने साथ दिया तो लक्ष्य भी हासिल कर लिया जाएगा।

बता दें कि जिले के 75 समितियों के माध्यम से जिले में तेंदूपत्तों का संग्रहण किया जाता है। इस दफे इसका लक्ष्य 91,300 मानक बोरा रखा गया है। बीते वर्ष करीब इतने ही तेंदूपत्तों का संग्रहण किया गया था। बताया गया है कि रोजाना तेंदूपत्ता तोड़ाई नहीं हो पाती। कुछ दिनों तक तोड़ाई करने के बाद सप्ताह भर विराम दिया जाता है। ताकि, तोड़ाई के बाद बचे कोमल और छोटे-छोटे पत्तों की ग्रोथ हो जाए। उसके बाद फिर से तोड़ाई की जाती है। इस तरह करीब माह भर इन पत्तों की तोड़ाई की जाती है। अभी लक्ष्य हासिल करने के लिए पर्याप्त समय बचा हुआ है। फिलहाल 55 हजार मानक बोरा संग्रहित किया जा चुका है। लेकिन, बार-बार हो रहे मौसम में परिवर्तन से तेंदूपत्ता की गुणवत्ता प्रभावित होने का खतरा भी मंडरा रहा है।



### 15 सौ मानक बोरा मजदूरी बढ़ी

प्रदेश में बनी नई सरकार ने तेंदूपत्ता संग्रहण की मजदूरी दर में 1500 रुपए की बढ़ोत्तरी कर इसे 5500 रूपए कर दिया है। इसके पूर्व यह दर 4000 रुपए रहीं। बागबाहरा और पिथौरा के जंगलों में अच्छी गुणवत्ता का तेंदूपत्ता मिलता है। इस वजह से यहां के तेंदूपत्ते को हर वर्ष अच्छा रेट मिलता है। इस बार बागबाहरा क्षेत्र के भोथा और टुहलू क्षेत्र के पत्तों को जिले में सर्वाधिक 10,251 और 10,200 रूपए प्रति मानक बोरा की दर मिला है।

### लक्ष्य का 60 फीसदी पूरा

जिला वनोपज प्रबंध संचालक एकआर बंजारे ने बताया कि बीते दिनों तेंदूपत्ता की तोड़ाई जोरों से चली है। जिसके चलते लक्ष्य का 60 फीसदी संग्रहित कर लिया गया है। इसमें करीब 65 से 70 हजार तेंदूपत्ता संग्राहक जुटे हुए हैं। फिलहाल पत्ता के ग्रोथ होने का इंतजार किया जा रहा है। हालांकि, छोटे साइज के पत्ते, जिसमें एक बीड़ी बनाई जा सकती है, उसका संग्रहण जारी है। लेकिन, दीर्घ साइज के पत्तों के लिए सप्ताह का विराम लगा हुआ है।

### इलाज कराकर लौट रहे दंपत्ति का एक्सीडेंट

**महासमुंद**। बसना थाना अंतर्गत छांदनपुर रोड के पास पिकअप की टक्कर से बाइक में सवार दंपत्ति घायल हो गए। पुलिस ने मामले की रिपोर्ट पर आरोपी पिकअप चालक के खिलाफ जुर्म दर्ज कर लिया है। पुलिस को प्रार्थी टोमन साहू पिता बसंत साहू (22) निवासी फुलवारी थाना सुहेला जिला बलौदाबाजार ने बताया कि 2 मई को मेरे पिताजी बसंत कुमार साहू (46) मेरी मां लताबाई साहू (40) को मोटर सायकल क्र. सीजी 04 डीएन 0301 से इलाज कराने भंवरपुर लेकर आए थे। इलाज कराने के बाद भंवरपुर से पिताजी बसना से सांकरा होते हुए फुलवारी जा रहे थे, तभी छांदनपुर मोड के पास सुबह 9 बजे रांग साइड से सांकरा की ओर से आ रही वाहन पिकअप वाहन क्र. सीजी 06 जीजेड 3055 के चालक ने वाहन को तेज रफ्तार एवं लापरवाही पूर्वक चलाकर सामने से बाइक को ठोकर मारकर एक्सीडेंट कर दिया। घटना में मेरे पिताजी के दाहिने जांघ, दाहिने हाथ के कलाई एवं पैरों में चोटें आई है एवं मां लताबाई साहू को दांये पैर के जांघ कमर, सिर में चोटें आई है। जिन्हें अस्पताल में दाखिल कराया गया है। पुलिस ने मामले में रिपोर्ट पर आरोपी पिकअप चालक के खिलाफ धारा 279, 337 के तहत जुर्म दर्ज कर लिया है।

# मछली मार्केट में पिता-पुत्र से मारपीट आरोपियों के खिलाफ अपराध दर्ज

हरिभूमि न्यूज ▶▶| महासमुंद

- महासमुंद सिटी कोतवाली क्षेत्र के दलदली रोड स्थित न्यू मछली मार्केट का मामला

सिटी कोतवाली अंतर्गत दलदली रोड स्थित न्यू मछली मार्केट में एक व्यक्ति और उसके बेटे के साथ मारपीट कर दुकान में तोड़फोड़ करने का मामला सामने आया है। महासमुंद थाने में आरोपियों के खिलाफ जुर्म दर्ज कर लिया गया है।

पुलिस को प्रार्थी राजेश बांसवार पिता महेश बांसवार निवासी वार्ड न0 7 नयापारा महासमुंद ने बताया कि मैं मछली का व्यवसाय करता हूं। 9 मई 2024 को मैं अपने लड़के आदित्य बांसवार के साथ मछली बेचने के लिए न्यू मछली मार्केट दलदली रोड अपने पसरा पर गए थे। हम लोग मछली बेच रहे थे कि शाम करीब 6 बजे मेरे मोहल्ले का कमल राय और सूरज पांडेय का झगड़ा हो रहा था।

इस दौरान सूरज पांडेय, कमल राय को हाथ मुक्का से मारपीट कर रहा था, कुछ देर में सूरज पांडेय हमारे दुकान में आया और मछली काटने का कत्ता मांगने लगा, जब मैने और मेरे बेटे ने कत्ता देने से मना किया, तब सूरज पांडेय हम लोगों को गाली देते हुए बोला कि तुम लोग मेरा साथ नहीं देते हो मैं तुम लोगों को नही छोड़ूंगा कहकर मेरे दुकान मे रखे प्लास्टिक के कुर्सी को उठाकर मेरे लड़के के सिर में मारने लगा।

प्रार्थी ने पुलिस को बताया कि जब मैं अपने लड़के को बचा रहा था, तब सूरज पांडेय मुझे भी मेरे दुकान में लगे छाता को उठाकर मारने लगा। उसी समय आरोपी ने फोन करके अपने दोस्तों को बुलाया, कुछ देर में सागर सतनामी व साहिल और उसके अन्य दोस्त आकर धारदार हथियार, लाठी, रॉड से हम लोगों को मारने लगे और मेरे पसरा के 07 नग कुर्सी, तिरपाल, छाता, लाईट, बिजली बोर्ड, दुकान का पाटा, दुकान कॉर्पेट, इलेक्ट्रानिक तराजू को तोड़ दिया तथा मेरे गल्ले को उठा कर फेंक दिया। प्रार्थी ने बताया कि इन लोगों के मारपीट करने से मेरे चेहरे, छाती, दाहिने पैर की जांघ तथा मेरे लड़के के सिर, छाती, पीठ, गर्दन में चोटें आई है। मेरे लड़के को अधिक चोट आने के कारण मैने उसे जिला अस्पताल महासमुंद में भर्ती कराया है। पुलिस ने मामले में सूरज पांडेय, सागर सतनामी, साहिल व अन्य आरोपियों के खिलाफ धारा 294, 323, 34, 427, 506 के तहत जुर्म दर्ज किया गया है।

# तुमाडबरी में गंदा पानी का उचित निराकरण नहीं होने से रोष, 13 को करेंगे चक्काजाम

हरिभूमि न्यूज ▶▶| महासमुंद

- तुमाडबरी के रिहायशी क्षेत्र में गंदा पानी जमा होने से बीमारी फैलने की आशंका

ग्राम तुमाडबरी में शहर के नाली का गंदा पानी उचित निराकरण नहीं होने से आक्रोशित ग्रामीणों ने 13 मई को तुमगांव रोड पर चक्काजाम की चेतावनी दी है।

कलेक्टर को सौंपे गए ज्ञापन में ग्राम तुमाडबरी के ग्रामीणों ने कहा है कि महासमुंद नगर पालिका क्षेत्र के नयापारा वार्ड नंबर 04 एवं 05 का गंदा पानी, जो दूसरे तरफ जा रहा था उसे तुमाडबरी के रिहायशी क्षेत्र में डायवर्ड होने के कारण पूरा तुमाडबरी बस्ती में गंदा पानी आकर जमा हो चुका है। जिसके कारण से व्यापक रूप से गंदगी फैल चुका है एवं बहुत ज्यादा मच्छर एवं मक्खी पनप रहे है। कोई भी पेयजल स्त्रोत कुआ, हैण्डपंप, बोर का पानी पीने लायक नहीं है। ग्रामवासियों के स्वास्थ्य पर बुरा प्रभाव पड़ रहा है। किसी को मलेरिया, डायरिया, बुखार, उल्टी दस्त जैसे गंभीर बिमारियों से ग्रसित हो रहे हैं। शुद्ध पेयजल के लिए भटकना पड़ रहा है। आवगमन में भयंकर परेशानियों का सामना करना पड़ रहा है। पूर्व में 4 अप्रैल 2024 को मुख्य नगर पालिका अधिकारी महासमुंद को पत्र देकर अवगत कराया गया था। 07 मई को आपके समक्ष ग्रामवासियों द्वारा आवेदन पत्र प्रस्तुत किए थे, जिस पर आजपर्यंत तक किसी भी प्रकार की कार्यवाही नहीं की गई है। उक्त गंदगी एवं पेयजल संकट के कारण ग्रामवासी में भारी आक्रोश है, यदि उक्त समस्या के संबंध में उचित कार्यवाही कर निदान नहीं की जाती है तो 13 मई को सुबह 7 बजे तुमगांव रोड महासमुंद पेट्रोल पम्प के पास सभी ग्रामीण मेन रोड में चक्काजाम करने का निर्णय लिए है, जिसकी सम्पूर्ण जवाबदारी शासन प्रशासन की होगी।





## जिले में धूमधाम से मनाया गया अक्ती का पर्व, बच्चों ने रचाई गुड्डे-गुड़ियों की शादी

# अक्षय तृतीया पर्व पर किसानों ने शुरूआत की धान की बोआई

हरिभूमि न्यूज ▶▶| महासमुंद

जिले में शुक्रवार को अक्षय तृतीया (अक्ती तिहार) का पर्व बड़े ही धूमधाम से मनाया गया। किसानों ने अपने घर व गांव के ईष्ट देवी-देवताओं में धान अर्पित कर पूजा अर्चना कर अच्छी फसल की कामना की। साथ ही खेतों में धान छिड़क कर बोआई की शुरुआत की। अक्ती त्योहार पर गुड्डे-गुड़िया की शादी रचाई गई। इस दौरान बच्चों ने हर गली-मोहल्ले में मंडप सजाकर विधिवत विवाह की सभी रस्म निभाई गई। तेल, मायन, बारात स्वागत, दुल्हन विदाई की परंपरा निभाई गई। इस दौरान विवाह गीत में बच्चे व बड़े थिरकते रहे। अक्षय तृतीया पर सबसे ज्यादा बच्चों में उत्साह दिखाई दिया।

शुक्रवार की सुबह से ही किसान अपने इष्ट देवी-देवताओं व गांव के ठाकुर देव की पूजा अर्चना की। परसा पान का दोना बनाकर धान, चना, महुआ अर्पित किया। और अच्छी फसल की कामना की। वहीं गांव के बैगा पुजारी द्वारा गांव के सभी देवी-देवताओं की पूजा कर गांव में खुशहाली की मंगल कामना की गई।





**धूमधाम से रचाया गुड्डे-गुड़ियों का विवाह** : अक्ती त्योहार को लेकर बच्चों में खासा उत्साह रहा। बच्चों ने गुड्डे-गुड़ियों का ब्याह विवाह धूमधाम से रचाया। पहले मोहल्ले के लोगों को निमंत्रण दिया। बच्चों ने वर-वधू पक्ष बनकर चूलमाटी, हल्दी, बारात स्वागत और दुल्हन विदाई की रस्म निभाई। इस शादी में परिचित व मोहल्लेवासी भी पहुंचे। जहां गुड्डे-गुड़िया को पीले चावल का तिलक लगाते हुए उपहार भेंट किया।

पाठक सूचना

महासमुंद जिले में हरिभूमि समाचार पत्र के स्थान पर कोई अन्य अखबार मिल रहा हो। एवं समाचार पत्र की प्रतियां, विज्ञापन एवं खबरों के लिए संपर्क करें

9981131365, 9098324969

आवश्यक सूचना

हरिभूमि पाठक पुरस्कार योजना

के सम्माननीय विजेताओं से आग्रह है कि अपना उपहार हरिभूमि कार्यालय महासमुंद में संपर्क कर प्राप्त कर लेवें।

उपहार प्राप्त करने अपने आधार कार्ड की फोटोकापी, मासिक बिल और पावती ( ग्राहक प्रति), साथ में लावें।

उपहार प्राप्त करनें का समय सुबह 11 से शाम 5 बजे तक

स्थान : हरिभूमि जिला कार्यालय
प्रीतम प्राईडे काम्प्लेक्स, महासमुंद (छ.ग.)
मो. 9098324969

ISPAT_BHOOMI_10_2024-02_Layout 1 5/10/2024 9:23 PM Page 1



## खबर संक्षेप



### राज्यपाल से पीठासीन सदस्य ने की मुलाकात

**रायपुर।** छत्तीसगढ़ राज्य बाल अधिकार संरक्षण के पीठासीन सदस्य सोनल कुमार गुप्ता ने गुरुवार को राज्यपाल विश्वभूषण हरिचंदन से राज भवन में सौजन्य भेंट की। इस दौरान उनकी धर्मपत्नी अधिवक्ता रुचि उपाध्याय गुप्ता भी साथ मौजूद रही। राज्यपाल को श्री गुप्ता ने बताया कि पिछले दो वर्षों से छत्तीसगढ़ राज्य बाल आयोग द्वारा लगातार बच्चों की हित में बहुत ही उत्कृष्ट कार्य किया जा रहा है, आयोग के वार्षिक प्रतिवेदन की प्रति भी राज्यपाल को सौंपी। साथ ही आयोग द्वारा बालहित में किए गए कार्यों की एक फाइल बनाकर भी उन्होंने राज्यपाल के समक्ष प्रस्तुत की, जिस पर राज्यपाल ने उनके प्रयासों की सराहना की।

### सीए भावेश बने जीएसटी समिति के विशेष सदस्य

**रायपुर।** कर विषय में अपने योगदान और विशेषज्ञता के प्रति एक महत्वपूर्ण मान्यता के रूप में चार्टर्ड एकाउंटेंट भावेश मित्तल को भारतीय चार्टर्ड एकाउंटेंट्स इंस्टीट्यूट नई दिल्ली द्वारा गुड्स एंड सर्विसेज टैक्स (जीएसटी) समिति के विशेष सदस्य के रूप में नियुक्त किया गया है। एक विशेष सदस्य के रूप में उन्हें भारत सरकार, राज्य सरकारें, केंद्र शासित प्रदेश, जीएसटी परिषद, गुड्स एंड सर्विसेज टैक्स नेटवर्क (GSTN), और अन्य प्रासंगिक प्राधिकरणों के साथ सलाह देने और सहयोग करने की प्रमुख जिम्मेदारी होगी।



### कपल म्यूजिकल ग्रुप की प्रस्तुति कल

**रायपुर।** कपल म्यूजिकल ग्रुप एक बार फिर से पति-पत्नी को लेकर सीजन-3 मिले सुर मेरा तुम्हारा शीर्षक से बेहतरीन सुरमयी शाम लेकर 11 मई को आ रहे हैं। यह कार्यक्रम रजबंधा मैदान स्थित मायाराम सुरजन हॉल में शाम 6.30 बजे से रात्रि 11 बजे तक होगा। कार्यक्रम के दौरान नए एवं पुराने गीतों को पति-पत्नी अपने खास अंदाज में गाकर अपनी भावनाओं को व्यक्त करेंगे। कपल म्यूजिकल ग्रुप के व्यवस्थापक एवं संस्थापक कमल बड़वानी, डायरेक्टर राजधानी के प्रसिद्ध संगीत गुरु घनश्याम शर्मा, नीता शर्मा ने बताया कि कार्यक्रम में डॉ. रितु दीपक श्रीवास्तव, मंजू भानू लुनिया, रेखा विजय पंजवानी, दीप्ति राहुल सिन्हा, ज्योति सुनील कोरी, निशा कमल बड़वानी, संगीता प्रदीप देवांगन, सागोरिका ललित सिन्हा, कृष्णा शेषगिरी राव आदि हैं। सुलोचना उत्तम सूरज सोनी, सुनीता सिद्धार्थ सोनी, शशिकला टी. पार्थसारथी, आशा किशनचंद केवलानी आदि हैं। कार्यक्रम का संचालन कवि लक्ष्मीनारायण लाहोटी एवं मंच संचालन डॉ. रितु श्रीवास्तव करेंगी।

### मणिकरण साहिब दर्शन के लिए यात्रियों का जत्था रवाना



**रायपुर।** छत्तीसगढ़ सिख संगठन के तत्वावधान में मणिकरण साहिब, अमृतसर दरबार साहिब के लिए यात्रा रवाना हुई, जिसमें छत्तीसगढ़ से 125 संगत दर्शन करने जा रही है। यात्रा रायपुर से 9 मई को रवाना होकर 11 मई को सुबह सरहिंद पर पहुंचेगी, वहां से गुरुद्वारा फतेहगढ़ साहिब जाएगी, फिर आनंदपुर साहिब होते हुए मणिकरण साहिब के दर्शन करने के बाद अमृतसर साहब पहुंचेगी। यात्रा का नेतृत्व गुरमीत सिंह टोनी, हरपाल सिंह भामरा, निरवैर सिंह सागर, रोहित मोनू, निक्कू सिंह टांक, तरन सिंह ,बलजीत चावला कर रहे हैं। यात्रा को हरी झंडी दिखाकर रवाना करने प्रदेश स्वच्छता अभियान के प्रमुख शंभू गुप्ता, अरुण छाबड़ा, मोनू सलूजा, लवली अरोरा आदि शामिल रहे।

# प्रीपैड स्मार्ट मीटर में भी बीपीएल को 30 यूनिट मुफ्त बिजली देने की होगी व्यवस्था

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रायपुर

खास खबर

प्रदेश में स्मार्ट मीटर लगने का काम प्रारंभ हो गया है। पहले चरण में सरकारी दफ्तरों के साथ फीडरों और ट्रांसफार्मरों में मीटर लग रहे हैं। आने वाले समय में सभी उपभोक्ताओं के पुराने मीटर बदलकर उसके स्थान पर स्मार्ट मीटर लगेंगे।

ये मीटर जब लग जाएंगे, तो उपभोक्ताओं को बिजली की खपत करने से पहले रीचार्ज कराना होगा। ऐसे में सबसे बड़ा सवाल यह खड़ा हो रहा है कि जिन बीपीएल के 20 लाख उपभोक्ताओं को 30 यूनिट बिजली मुफ्त मिलती है, उसका रीचार्ज कौन कराएगा। इसका जवाब अब यह है कि 30 यूनिट बिजली मुफ्त मिलने के बाद उपभोक्ताओं को अपना रीचार्ज कराने का मैसेज आएगा। 30 यूनिट मुफ्त बिजली का पैसा पहले ही तरह ही प्रदेश सरकार वहन करेगी। केंद्र सरकार ने सभी राज्यों में प्रीपैड मोड में स्मार्ट लगाने का आदेश जारी किया है। इसकी अधिसूचना राजपत्र में प्रकाशित होने के कारण इसको हर राज्य को लगाना है।

छत्तीसगढ़ में भी इस योजना पर काम प्रारंभ हो गया है। रायपुर संभाग में टाटा कंपनी और बाकी स्थानों पर जीनस कंपनी को स्मार्ट मीटर लगाने का काम मिला है। कंपनियों ने स्मार्ट मीटर लगाने काम प्रारंभ कर दिया है। प्रारंभ में कुछ माह तो मीटर पोस्टपैड ही रहेंगे, लेकिन इसके बाद व्यवस्था होते ही सभी मीटरों को प्रीपैड कर दिया जाएगा।

### 20 लाख बीपीएल उपभोक्ताओं के भी पुराने मीटर बदले जाएंगे

#### मिलती रहेगी मुफ्त बिजली

स्मार्ट मीटर योजना में बीपीएल को लेकर बड़ा पेंच फंसा हुआ था। इस वर्ग के उपभोक्ताओं को प्रदेश सरकार 30 यूनिट बिजली मुफ्त देती है। इसके बाद के यूनिट के इनको पैसे लगते हैं। हालांकि ज्यादातर उपभोक्ता 30 यूनिट के बाद के पैसे भी सालों से जमा नहीं कर रहे हैं, इसके बाद भी इनकी बिजली कट नहीं की जाती, लेकिन मीटर प्रीपैड होने पर इनकी बिजली कट हो जाएगी। यही वजह है प्रदेश सरकार चाहती थी कि बीपीएल वर्ग के उपभोक्ताओं को योजना से अलग रखा जाए, लेकिन केंद्र सरकार ने यह बात नहीं मानी है। अब सभी बीपीएल वर्ग के उपभोक्ता के मीटर भी बदले जाएंगे। ऐसे में अब पॉवर कंपनी ने तय किया है कि बीपीएल वर्ग को जो 30 यूनिट बिजली हर माह मुफ्त मिलती है, वह उसी तरह से मिलेगी जैसे अब तक मिलती है।



#### सॉफ्टवेयर में होगी व्यवस्था

पॉवर कंपनी के अधिकारियों के मुताबिक सॉफ्टवेयर बनाया जा रहा है, जिसमें जहां 400 यूनिट तक बिजली बिल हॉफ योजना के हिसाब से ही 400 यूनिट तक रोज आधे पैसे रीचार्ज से कटेंगे, वहीं बीपीएल के उपभोक्ताओं को 30 यूनिट तक रीचार्ज नहीं कराना पड़ेगा। 30 यूनिट बिजली समाप्त होने से पहले ही उपभोक्ताओं को दो दिन पहले मैसेज आएगा कि उनको अब आगे बिजली का उपयोग करने के लिए रीचार्ज कराना होगा। ऐसा होने से पॉवर कंपनी का सबसे बड़ा फायदा यह होगा कि जो उपभोक्ता बरसों से 30 यूनिट बिजली से ज्यादा की खपत करने के बाद भी बिल जमा नहीं कर रहे हैं, उनको हर हाल में रीचार्ज कराना होगा, नहीं तो उनकी बिजली कट हो जाएगी।

### रायपुर स्मार्ट सिटी लिमिटेड ने एजेंसी का अनुबंध किया था निरस्त

# ई-टायलेट मेंटेनेंस के लिए नगर निगम ने बनाया प्रस्ताव, जल्द होगा टेंडर

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रायपुर

हरिभूमि सरोकार

शहर में रायपुर स्मार्ट सिटी द्वारा 2.5 करोड़ से अधिक की लागत के 32 ई टायलेट की मरम्मत और देखरेख तथा संचालन के लिए अब नई एजेंसी तय होगी। नगर निगम के स्वच्छता विभाग ने इसके लिए प्रस्ताव तैयार किया है। ई टायलेट संचालन के लिए ऑनलाइन टेंडर कर एजेंसी तय की जायेगी।

दरअसल, राजधानी के सार्वजनिक जगहों और भीड़ वाले इलाकों में आम जनता को सार्वजनिक प्रसाधन की सुविधा उपलब्ध कराने रायपुर स्मार्ट सिटी लिमिटेड ने 4 साल पूर्व ई टायलेट का निर्माण करवाया था। इन टायलेट के निर्माण और मेंटनेंस के लिए हैदराबाद की एक कंपनी से अनुबंध किया गया। अनुबंधित कंपनी से इसके लिए 72 लाख रुपये सुरक्षा निधि के रूप जमा करवाये गये थे, लेकिन टायलेट निर्माण के बाद कंपनी कुछ महीनों के बाद ही नदारद हो गई, जबकि अनुबंध के अनुसार कंपनी को पांच साल तक ई टायलेट का मेंटनेंस करना था। इधर रायपुर स्मार्ट सिटी लिमिटेड ने कंपनी द्वारा काम बीच में छोड़कर जाने की स्थिति निर्मित होने पर 72 लाख की सुरक्षा निधि को राजसात कर लिया।



#### कई ई-टायलेट हो चुके कबाड़

कंपनी के गायब होने के बाद वर्ष 2021 तक ई टायलेट का मेंटनेंस नहीं हो पाया। साल 2022 में रायपुर स्मार्ट सिटी लिमिटेड ने फिर से इन ई टायलेट के मेंटनेंस के लिए रायपुर की होप फार ह्यूमिनेटी एजेंसी से अनुबंध किया। सूत्रों के मुताबिक इस एजेंसी ने भी अनुबंध की शर्तों के अनुसार टायलेट का मेंटनेंस नहीं किया। हालत ये है कि अब कई ई टायलेट कबाड़ हो चुके हैं, जिसके कारण इनमें लगे पार्टस में भी खराबी आ गई है। ऐसे में रायपुर स्मार्ट सिटी ने संबंधित एजेंसी के साथ अनुबंध को निरस्त कर दिया है और नगर निगम को ई टायलेट हैंडओवर कर इसकी देखरेख की जिम्मेदारी दी है।

- नगर निगम को हैंडओवर के बाद मरम्मत संचालन के लिए तय होगी एजेंसी
- 2.50 करोड़ का लागत शहर में 32 ई-टायलेट

#### प्रस्ताव बनाया है, मरम्मत संचालन के लिए होगा टेंडर

ई टायलेट की मरम्मत और इसका संचालन करने प्रस्ताव बनाया गया है। इसकी मरम्मत व संचालन के लिए एजेंसी तय करने ऑनलाइन टेंडर होगा।

**- रघुमणि प्रधान,** नोडल अधिकारी, स्वच्छ भारत मिशन, नगर निगम रायपुर



### स्वस्थ और अनुशासित बनाता है योगासन

**रायपुर।** योग में हम श्वांसों के आवागमन पर अपने ध्यान को केंद्रित करते हैं। यह श्वांसों पर नियंत्रण की कला है। श्वांस लेने का भी सही तरीका मालूम होना आवश्यक है। जब हम श्वांस लेते हैं तो हमारा पेट बाहर निकलना चाहिए और श्वांस छोड़ने पर अंदर जाना चाहिए। अगर ऐसा नहीं होता है तो आप बीमारियों का शिकार हो सकते हैं। ये बातें प्रजापिता ब्रह्माकुमारी ईश्वरीय विश्व विद्यालय द्वारा विश्व शांति भवन चौबे कालोनी में आयोजित समर कैंप में जीवन में योगासनों का महत्व विषय पर योग शिक्षिका ज्योति साहू ने कही। उन्होंने बच्चों को विभिन्न योगासनों से होने वाले लाभ से परिचित कराया। उन्होंने बतलाया कि ताड़ासन में जब बैठें तो अंगूठा और एड़ी में बराबर दूरी होनी चाहिए। यह उँचाई बढ़ाने में मदद करता है। यह खून के प्रवाह को तेज करता है और शरीर का सन्तुलन भी बनाता है। शशांक आसन से सूर्य नाड़ी और चंद्र नाड़ी एक्टिव होती है। जिससे डिप्रेसन कम होता है। रक्त का प्रवाह अच्छा होता है और आज्ञा चक्र सक्रिय होता है।

# नीट में गलत पेपर बांटे जाने का मामला पहुंचा राजभवन



- बालोद विधायक संगीता ने की जांच की मांग

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रायपुर

छत्तीसगढ़ के बालोद जिले में नीट-यूजी 2024 की परीक्षा के दौरान गलत पेपर बांटे जाने के मामले में जांच की मांग लेकर कांग्रेस गुरुवार को राजभवन पहुंची। कांग्रेस के प्रतिनिधिमंडल ने राज्यपाल से इस मामले में छात्रों की शिकायतों और परीक्षा में हुई लापरवाही की जांच की मांग को लेकर चर्चा की।

5 मई को बालोद में मेडिकल क्षेत्र की सबसे बड़ी परीक्षा नीट के लिए बालोद जिले में 2 परीक्षा केंद्र बनाये गए थे। यहां 391 परीक्षार्थियों को पहले गलत परीक्षा पेपर दे दिया गया और 45 मिनट बाद गलती का पता चला तब प्रश्नपत्र बदल कर सही प्रश्नपत्र दिया गया। इतनी बड़ी लापरवाही के बाद भी परीक्षार्थियों की मांग करने के बाद भी अतिरिक्त समय नहीं दिया गया। लापरवाही के बाद छात्रों के नुकसान को लेकर उनके परिजनों ने जमकर हंगामा किया।

#### छात्रों की मांगों पर चर्चा

मामले में कांग्रेस के प्रतिनिधिमंडल ने राजभवन पहुंचकर ज्ञापन सौंपा है। इस दौरान बालोद विधायक संगीता सिन्हा, कांग्रेस के प्रभारी महामंत्री मलकीत सिंह गैंदू, शैलेश नितिन त्रिवेदी, प्रवक्ता विकास तिवारी ने राज्यपाल से मुलाक़ात कर प्रभावित छात्र-छात्राओं की मांगों पर चर्चा की।

#### परीक्षार्थियों के भविष्य के साथ खिलवाड़

मामले में विधायक संगीता सिन्हा ने कहा, राष्ट्रीय स्तर की परीक्षा में इस तरह की लापरवाही परीक्षार्थियों के भविष्य के साथ खिलवाड़ है, जिसकी जांच की जाना आवश्यक है। घटना से परीक्षार्थियों एवं पालकों में रोष व्याप्त है। इनको हुए नुकसान की भरपाई को दृष्टिगत रखते हुए प्रभावित परीक्षार्थियों के लिए पुनः परीक्षा आयोजित किया जाना या उन्हें क्षति हुए समय के बदले बोनस अंक प्रदान किया जाना न्यायसंगत होगा।

# आत्मानंद स्कूलों की सार्थकता दिखने लगी, टॉप में रहे 70 प्रतिशत बच्चे

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रायपुर

प्रदेश कांग्रेस संचार विभाग के अध्यक्ष सुशील आनंद शुक्ला ने कहा, भूपेश सरकार द्वारा मध्य वर्ग गरीबों के लिये शुरू किये गये आत्मानंद स्कूलों की सार्थकता दिखने लगी। भाजपा जिस स्वामी आत्मानंद स्कूल को बंद करना चाहती है, उसी स्वामी आत्मानंद स्कूलों के बच्चों ने 10वीं, 12वीं की प्रावीण्य सूची में 70 प्रतिशत से अधिक स्थान बनाया है।

उन्होंने कहा, स्वामी आत्मानंद स्कूल योजना गरीबों और मध्य वर्ग के बच्चों के लिये संजीवनी है। इस स्कूल में बच्चों को मुफ्त अंग्रजी माध्यम की पढ़ाई कराई जाती है। गरीब और मध्य वर्ग के लिये इसका खर्च उनकी क्षमता से अधिक हो जाता है। इन बच्चों ने बता दिया कि अवसर मिलने पर प्रतिभा निखरती है। भाजपा सरकार इन स्कूलों को दलीय दुर्भावना से देख रही है।

पहले स्कूल शिक्षामंत्री ने घोषणा की थी, इन स्कूलों की आवश्यकता का पूनर्मूल्यांकन किया जायेगा। इसके बाद खबर आई कि स्वामी आत्मानंद स्कूलों के नाम बदलकर पीएमश्री नाम दिया जायेगा। यही नहीं, भाजपा सरकार बनने के बाद पिछले चार माह से भाजपा सरकार आत्मानंद स्कूलों के शिक्षकों को वेतन नहीं दे रही है, ताकि शिक्षक स्कूलों को छोड़कर चले जायें और विद्यालयों को बंद करने का बहाना मिल जाये।



- स्वामी आत्मानंद स्कूलों को भाजपा सरकार बंद करना चाहती है- सुशील

# कमल विहार अंधेरे में, स्ट्रीट लाइटें बंद, सोलर पैनल के खंबों से बैटरी-वायर तक ले गए चोर

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रायपुर

राजधानी रायपुर के कमल विहार इलाके के कई सेक्टरों में पिछले कई महीनों से सोलर पैनल की स्ट्रीट लाइटें बंद पड़ी हैं, जिसके कारण रात में इन क्षेत्रों की सड़कों पर अंधेरा छाया रहता है। इसके कारण इन क्षेत्रों में असामाजिक तत्वों का भी डेरा है, जिनमें से कई लोग स्ट्रीट लाइटों में लगी बैटरी और वायर तक चोरी कर ले गए हैं। चोरी होने के बाद से स्ट्रीट लाइटों को सुधारा नहीं गया है, जिसके कारण कमल विहार के कई सेक्टरों में रात में अंधेरा छाया रहता है।

कमल विहार के सभी सेक्टरों की सड़कों के किनारे सोलर पैनल की स्ट्रीट लाइटें लगी हुई हैं। इन खंभों में निचले हिस्से में बैटरी व वायर का कनेक्शन देने के लिए बॉक्स बना हुआ है, जिसके जरिए सोलर पैनल की लाइटें जलती हैं। इनमें से कई खंभों से असामाजिक तत्व बैटरी और वायर दोनों चोरी कर ले गए हैं, जिसके कारण कमल विहार के सेक्टर 11, 12, 13, 14 सहित अन्य कई इलाकों में स्ट्रीट लाइटें बंद पड़ी हुई हैं।

#### हो चुकी है लूटपाट-हत्या का प्रयास जैसी वारदातें

कमल विहार के पास शासकीय अंग्रेजी शराब की दुकान भी है। इस दुकान में हर दिन शराब खरीदने वालों की भीड़ लगी रहती है। ज्यादातर भीड़ शाम से लगती है जो दुकान बंद होने तक रहती है। शराब खरीदने के बाद कई लोग कमल विहार के सुनसान इलाकों में जाकर शराब का सेवन करते हैं। कई लोग तो स्ट्रीट लाइटें बंद होने के कारण सड़क के किनारे बैठकर शराब पीते हैं। इसके अलावा कई असामाजिक तत्वों का भी इस क्षेत्र में जमावड़ा लगा रहता है। इसके कारण इस इलाके में चोरी की घटनाओं के साथ लूटपाट, हत्या का प्रयास, मारपीट जैसी वारदातें भी हो चुकी हैं।



*महावीर नगर-अमलीडीह इलाके में कई सड़कों की स्ट्रीट लाइटें बंद : महावीर नगर अमलीडीह इलाके में भी कई कालोनियों की स्ट्रीट लाइटें पिछले कई महीनों से बंद पड़ी हैं। महावीरनगर में ओम विहार से रिद्धि-सिद्धि सोसाइटी सहित कई कालोनियों की सड़कों की स्ट्रीट लाइटें बंद पड़ी हैं। हाल ही में रिद्धि-सिद्धि सोसाइटी के पास रात के समय में चेन स्नैचिंग की घटना भी हुई थी, जिसमें खाना खाने के बाद टहलने निकली एक महिला के गले से अज्ञात आरोपी चेन खींचकर फरार हो गया था।*

*पूरी तरह बसाहट नहीं, इसलिए सुधारी नहीं गई लाइटें : कमल विहार के कई सेक्टरों में अब तक पूरी तरह से बसाहट नहीं हो पाई है, जिसके कारण ज्यादातर सूनसान क्षेत्र हैं। सूनसान होने के कारण ही इस क्षेत्र से स्ट्रीट खंभों से बैटरी-वायर तक चोरी हो जा रहे हैं। इधर सूनसान क्षेत्र होने के कारण जिम्मेदार अधिकारी भी स्ट्रीट लाइटों को सुधारने का काम नहीं करा रहे हैं।*

### साव ने किया मैराथन प्रचार, 48 विधानसभाओं में की जनसभाएं

**रायपुर ।** प्रदेश के उपमुख्यमंत्री अरुण साव ने छत्तीसगढ़ की सभी 11 सीटों पर प्रचार कर भाजपा के लिए समर्थन मांगा। श्री साव ने 20 मार्च से 5 मई तक 66 दिनों तक लोकसभा क्षेत्रों का सघन दौरा किया। इस दौरान ग्रामीण क्षेत्रों व शहरों में जनसंपर्क और आमसभा कर भाजपा के लोकप्रिय प्रत्याशियों के लिए वोट मांगे। श्री साव ने 48 विधानसभाओं के कोने-कोने में चुनावी सभाएं कीं। तीसरे चरण के चुनाव प्रचार के अंतिम दिन 11 सभाएं कीं। वहीं 66 दिनों में 121 से अधिक आमसभाएं, स्थानीय बैठकें, जनसंपर्क करते रहे। श्री साव के विधानसभा क्षेत्र लोरमी में भारतीय जनता पार्टी के राष्ट्रीय अध्यक्ष जेपी नड्डा की ऐतिहासिक जनसभा हुई।

### जिला प्रशासन ने अजय वर्मा की पत्नी को दिया 15 लाख का चेक

**रायपुर।** लोकसभा चुनाव ड्यूटी के दौरान निधन के बाद जिला प्रशासन ने नगर निगम के जनसंपर्क शाखा में पदस्थ स्वर्गीय अजय वर्मा की पत्नी नीलू वर्मा को अनुग्रह प्रतिकर राशि के रूप में 15 लाख रुपये का चेक प्रदान किया है। उप जिला निर्वाचन अधिकारी उमाशंकर बंदे और नगर निगम आयुक्त अबिनाश मिश्रा ने नीलू वर्मा को यह चेक सौंपा। विदित हो कि अजय वर्मा का 6 मई को निधन हुआ था, जिसके बाद कलेक्टर एवं जिला निर्वाचन अधिकारी डा. गौरव सिंह के निर्देश पर कुछ दिनों के भीतर ही अनुग्रह प्रतिकर राशि जारी कर दी गई।



# लोकसभा चुनाव में मतदान के बाद कांग्रेस प्रत्याशी कर रहे समीक्षा

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रायपुर

लोकसभा चुनाव में मतदान होने के बाद अब कांग्रेस प्रत्याशी विधानसभा वार मतदान की समीक्षा कर रहे हैं। चुनाव के लिए विधानसभा वार प्रभारियों की नियुक्ति प्रदेश कांग्रेस कमेटी ने की थी। सभी प्रभारियों से चर्चा कर प्रत्याशी यह जानने का प्रयास कर रहे हैं कि मतदान किससे पक्ष में हुआ। पीठासीन अधिकारियों द्वारा दी गई मतदान की अंतिम रिपोर्ट का संकलन भी किया जा रहा है।

- विधानसभा वार नियुक्त प्रभारियों की ली जा रही जानकारी

लोकसभा चुनाव के तीसरे चरण में जिन सात सीटों पर चुनाव हुआ, उनमें कोरबा, जांजगीर, सरगुजा सीट में हुए मतदान के आधार पर यहां पर विधानसभा वार आंकड़ों के आधार पर वहां के नेताओं से चर्चा कर जानने का प्रयास प्रत्याशी कर रहे हैं कि उस दिन का माहौल कैसा रहा। वोटिंग के पूरे घटनाक्रम की जानकारी भी ली जा रही है। सरगुजा में पिछले साल से हुई अधिक वोटिंग के बाद वहां पर शहरी और ग्रामीण क्षेत्रों के माहौल को लेकर प्रत्याशी शशि सिंह ने चर्चा की। जांजगीर में प्रत्याशी डॉ. शिव कुमार डहरिया ने सभी क्षेत्र के प्रभारियों से चर्चा कर मतदान के रुख को समझने का प्रयास किया।

वहीं कोरबा में ग्रामीण क्षेत्रों में कम मतदान और कुछ क्षेत्रों में पिछले चुनाव के मुकाबले बढ़ने का आकलन वहां के प्रभारियों से किया गया। वहीं रायपुर में सभी 2300 बूथ के संबंध में विकास उपाध्याय ने चर्चा कर जानकारी ली। यहां पर विधारसभा वार प्रभारियों से रिपोर्ट ली गई। बिलासपुर में मतदान के बाद वहां का फीडबैक नेताओं से लिया गया।

#### पीसीसी को देंगे जानकारी

लोकसभा चुनाव के दौरान नियुक्त किए गए प्रभारियों द्वारा चुनाव की पूरी जानकारी पीसीसी को दी जाएगी। उसके आधार पर हर सीट में पार्टी के पक्ष में माहौल का आकलन किया जाएगा। बताया जाता है कि विधानसभा चुनाव के बाद कार्यकर्ताओं की सक्रियता के कारण मतदान का प्रतिशत बढ़ने का फायदा किसे मिलेगा, इसे चर्चा कर जानने का प्रयास किया जा रहा है।

### सैकड़ों आवासों में नहीं लगा टारफील्ड

# टाउनशिप के क्वार्टरों में फिर होगी सीपेज की समस्या, निकट है बारिश

हरिभूमि न्यूज ▶▶| भिलाई

बीएसपी टाउनशिप के रहवासियों को इस बार फिर बारिश की चिंता सता रही है। बरसात के मौसम के लिए मुश्किल से महीनाभर बाकी है लेकिन अब तक सैकड़ों बीएसपी आवासीय ब्लाकों में टारफील्ड नहीं लगाया गया है। यूनियनों ने प्रबंधन से जल्द टारफील्ड लगवाने की मांग की है। टाउनशिप के सालों पुराने हजारों जर्जर क्वार्टरों में हर साल बरसात के मौसम में सीपेज की समस्या होती है। यूनियनों द्वारा नगर सेवाएं विभाग मे इस समस्या के निदान के लिए बरसात के पूर्व ब्लाकों की छत पर डामर की शीट यानी टारफील्ड बिछाये जाने की मांग की गई है।



महीनेभर बाद बरसात का मौसम शुरु होने वाला है। लेकिन अब तक जर्जर बीएसपी आवासों में टारफील्ड बिछाने का काम शुरु नहीं किया गया है। इससे रहवासी चिंतित हैं। विभिन्न सेक्टरों में हजारों बीएसपी आवासों की छतों से मकान के अंदर पानी सीपेज होता है। दो तीन घंटे की बारिश होने पर भी छत से बूंद बूद पानी टपकने के साथ दीवारों में सीलन आ जाती है। यूनियनों के मुताबिक गीली दीवारों पर करंट का खतरा बना रहता है। बरसात में चार महीने सीपेज से मकानों के अंदर रखे कपड़े, कापी किताबों और खाने पीने के सामान खराब हो जाते हैं। सीपेज की समस्या पिछले पंद्रह बीस साल से बढ़ गई है। सेक्टर 6,7 सेक्टर 1, 4, और 8 में सबसे ज्यादा समस्या है। अन्य सेक्टरों में भी बारिश में सीपेज की समस्या होती है। यूनियनों ने प्रबंधन से जल्द सभी जर्जर आवासों की छतों पर टारफील्ड बिछवाने की मांग की है।

टाउनशिप में वर्षा का मौसम को करीब होने और नगर सेवाएं विभाग की सुस्ती देख कई बीएसपी कर्मी रहवासी खुद के खर्चे से निजी एजेंसियों से अपने आवासों में डामरशीट लगवा रहे हैं। निजी एजेंसियां सस्ते में डामरशीट लगवाने का प्रचार भी कर रही हैं।

#### नहीं हुई बेकलेन की भी सफाई

टाउनशिप के अधिकतर सेक्टरों में क्वार्टरों के बेकलेन की सफाई भी अब तक नहीं करवाई गई है। आवासों के पीछे कचरे के पहाड़ बन गए हैं। इनमें सघन झाड़ियां और पेड़ भी उग आए हैं। बरसात मे पानी निकासी में अवरोध के के कारण पीछे का कूड़ा कचरा प्रदूषित पानी के साथ मकानों के अंदर घुस जाता है। रहवासियों ने बताया कि कचरे और पानी के साथ सांप, बिच्छू, पताड़ा और मेंढक भी घुस आते हैं। इस विकट समस्या को देखते हुए तत्काल बेकलेन सफाई शुरु करवाने की मांग की गई है।

**खबर संक्षेप**

## बिरकोनी में कक्षा 10वीं से दामिनी रही प्रथम



**बिरकोनी।** शासकीय नवीन कन्या शाला बिरकोनी में कक्षा 10वीं की छात्रा दामिनी चंद्राकर ने 87.8% प्रतिशत अंक हासिल कर विद्यालय में प्रथम स्थान प्राप्त किया। स्कूल के प्राचार्य टामेश्वरी साहू ने बताया कि छात्रा की इस उपलब्धि से स्कूल एवं गांव का नाम रोशन हुआ है। छात्रा के पिता भोला चंद्राकर एक किसान है। दामिनी शुरू से पढ़ाई के प्रति गंभीर, शांतिप्रिय एवं अनुशासित छात्रा के रूप में पहचान रही है। दामिनी ने इसका श्रेय अपने माता-पिता एवं गुरुजन को दिया। छात्रा की सफलता पर चंदन चंद्राकर , भूपेंद्र चंद्राकर, चुकु चंद्राकर, प्रकाश चंद्राकर, उमेश चंद्राकर, रजत चंद्राकर, प्राचार्य टामेश्वरी साहू समेत स्कूल स्टॉफ ने हर्ष जताया है।

**अक्षय तृतीया ..**



**नर्रा।** ग्राम परकोम में अक्षय तृतीया पर छोटे-छोटे बच्चे व बालिकाओं ने गुड्डा-गुड़ियों का विवाह रचाया। इस दौरान सरपंच प्रतिनिधि आनंद चक्रधारी, पंच सहित ग्रामीण बारात में सहभागी बने।

**अक्ती पर्व...**



**महासमुंद।** ग्राम खैरा में अक्षय तृतीया का पर्व धूमधाम से मनाया गया। बच्चों ने गड्डे-गुड़ियों का विवाह रचाया। जिसमें गांव के सरपंच नीलम रेवा राम कोसरे ने बच्चों के बीच पहुंचकर टिकावन में उपहार भेंट किए।

# बोर्ड परीक्षा परिणाम रहा शत-प्रतिशत

**महासमुंद।** शाउमाशा खम्हरिया के कक्षा 12वी बोर्ड परीक्षा परिणाम 100 प्रतिशत तथा 10वी बोर्ड का परीक्षा परिणाम 94.7 प्रतिशत रहा। सत्र 2023-24 में कक्षा 12वी के कुल 68 विद्यार्थी छग मा शिक्षा मंडल के 12वी बोर्ड परीक्षा में सम्मिलित हुए। जिसमें सभी 68 उत्तीर्ण हुए। इसमें 54 विद्यार्थी प्रथम श्रेणी तथा 14 विद्यार्थी द्वितीय श्रेणी में उत्तीर्ण हुए। इस तरह विद्यालय के विज्ञान, वाणिज्य एवं कला तीनों संकाय का परीक्षा परिणाम शत प्रतिशत रहा। जय प्रकाश सिन्हा 408/500, 81.6 प्रतिशत, गरिमा राजपूत 401/500, 80.1 तथा रूपेश साहू 400/500,80 प्रतिशत अंक हासिल कर विद्यालय में अव्वल रहे। वहीं कक्षा 10वी में 115 विद्यार्थियों में से 109 उत्तीर्ण, 04 अनुत्तीर्ण तथा 02 पूरक रहे। इस तरह विद्यालय का 10 बोर्ड परीक्षा परिणाम 94.7% प्रतिशत रहा। जिसमे प्रथम श्रेणी में 47, द्वितीय श्रेणी में 60 तथा तृतीय श्रेणी में 02 विद्यार्थी उत्तीर्ण हुए। दुर्गेश्वरी चक्रधारी 562/600,93.6, रोमन 556/600, 92.6%, भावना 544/600, 90.6% अंक अर्जित कर विद्यालय में टॉपर रहे। छात्रों की सफलता पर विद्यालय के प्रभारी नारायण चौधरी, रंजना ध्रुव, अंजू नामदेव, सृष्टि साहू, दीप्ति शर्मा, धनेश्वरी साहू, ममता राजकमल, तारिणी ध्रुव, खेमलता पटेल, गीता दीवान, दामिनी देवांगन, रोहित ठाकुर, राजेश साहू, श्रद्धा डागा, मिडिल स्टॉफ जीवन लाल सिन्हा, संकुल समन्ववयक चुम्मन लाल जगत, रानी गिरी गोस्वामी, डिगेश्वर ठाकुर, हेमराज ध्रुव, नरेश कुमार, रमेश कुमार आदि ने हर्ष जताया है।

# बसना में कलेक्टर ने किया निर्माण कार्यों का निरीक्षण



हरिभूमि न्यूज ▶▶| बसना

महासमुंद कलेक्टर प्रभात मालिक द्वारा भंवरपुर में बुनकरों द्वारा किए जा रहे हेम्डलूम सामग्री का अवलोकन किया गया तथा व्यापार के नए माध्यमों के बारे में चर्चा की गई। कलेक्टर द्वारा नगर पंचायत बसना में संचालित समस्त कार्य जैसे स्पोर्ट कांप्लेक्स, गौरव पथ, पालना घर, बस स्टैंड में दुकान निर्माण, चौपाटी आदि का निरीक्षण किया गया। बाद सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र में चल रहे निर्माण कार्य का निरीक्षण भी किया गया तथा कार्य जल्द करने एव कार्य की गुणवत्तायुक्त किए जाने के निर्देश अधिकारियों को दिए। इस दौरान अनुविभागीय अधिकारी बसना रविराज ठाकुर, कृष्ण कुमार साहू तहसीलदार बसना, सूरज सिदार मुख्य नगर पालिका अधिकारी, सनत महादेवा मुख्य कार्यपालन अधिकारी, नायब तहसीलदार भंवरपुर अर्पण कुर्रे, नारायण साहू खंड चिकित्सा अधिकारी, भीष्म प्रधान, सत्तूसिंग मन्नाडे आदि अधिकारी-कर्मचारी उपस्थित रहे।



## परशुराम जयंती पर शरबत वितरण कार्यक्रम

**महासमुंद।** भगवान परशुराम के प्राकट्य दिवस पर पार्षद मनीष शर्मा द्वारा शास्त्री चौक के पास शरबत वितरण किया गया। जिसमें समाज के प्रमोद तिवारी, अश्वनी तिवारी, दीपक शर्मा, सुशील शर्मा, देवेंद्र दुबे, दिलीप तिवारी, अग्रज शर्मा, समीर तिवारी, कुंदन चतुर्वेदी, राजेश शर्मा, शुभ्रा शर्मा, मंजू शर्मा, मोना शर्मा, मनीषा शर्मा, मधु तिवारी, अभिषेक शर्मा, महेश शर्मा, प्रवीण दीवान एवं समाज के लोग उपस्थित रहे।

Narayana Health
हार्ट केयर
हृदय रोग ओपीडी
आपके शहर बसना में
डॉ. सुमन्ता शेखर पाढ़ी
वरिष्ठ सलाहकार, क्लीनिकल लीड - हृदय रोग विभाग
हृदय रोग के सामान्य लक्षण
• सीने में दर्द
• साँस लेने में तकलीफ
• जल्दी थक जाना
• अनियमित हृदय गति
• सीने में जलन, पेट और पीठ में दर्द
• बाएं कंधे या बांह से बाएं शरीर में दर्द फैलना
11 मई 2024, शनिवार सुबह 11 बजे से दोपहर 2 बजे तक
अग्रवाल नर्सिंग होम, मेन रोड, बसना
हमारा नेटवर्क: 19 अस्पताल | 3 हार्ट सेंटर | भारत के 14 शहरों में | 21 क्लिनिक | 110+ विशेषज्ञ
एमएमआई नारायणा हॉस्पिटल, लालपुर, रायपुर 1800 309 0309

Health Town
डॉ. ठाकुर वुमन एंड चाइल्ड होम्योपैथिक क्लीनिक
Dr. Srishti Thakur
D/o Late Dr. Jitendra Thakur
For Appointment
7987959244
स्त्री रोग संबंधित समस्त समस्याएँ जैसे
PCOD | मासिक धर्म अनियमितता | अल्प स्त्राव मासिक | इनफर्टिलिटी | बच्चेदानी की गांठ | स्तन की गांठ
सभी प्रकार के शिशु एवं बाल रोग जैसे
ADHD | AUTISM | व्यवहारिक चिकित्सा
Maa Ad.
टांसिल उम्र के हिसाब से वजन कम होना दांत निकलते समय की परेशानी रात को बिस्तर गीला की बीमारी इत्यादि।
शॉप नं.1, गोपिया पारा चौक, पटेल कॉम्प्लेक्स, रायपुर Online परामर्श उपलब्ध दवाइयाँ कुरियर द्वारा भेजने की सुविधा
मूत्र किडनी एवं प्रोस्टेट
समस्त किडनी रोग गुर्दा, नेफ्रोलाजी किडनी में सुजन दर्द पेशाब कम होना या रूकावट जलन, सिरम क्रियेटिनिन, यूरिक एसिड, यूरिया का बढ़ना पैरो या आंखो में सूजन अगर डायलिसिस में चल रहे हो या किडनी बदलने कि नौबत आ गई हो तो इस चिकित्सा से जीवन बच सकता है, यह चिकित्सा किडनी के नेफ्रान्स सेल को पुनः एक्टीवेट (रिजनरेट) अर्थात् फिर से जीवन प्रदान करता है यूरेथ्रास्ट्रेक्चर (मूत्र नली का सिकुड़न) पेशाब न उतरना, बूंद बूंद टपकना या बन्द होना, आपरेशन कि आवश्यकता नहीं होती एवं पेशाब में जलन, पीला लालिमा रहना या खून या मवाद आना। प्रोस्टेट विकार बार बार पेशाब होना, बूंद-बूंद या रूकना, इसके कारण सेक्स में आई कमजोरी। समय : 11 से 3 बजे तक
जीवन ज्योति क्लीनिक डॉ. आर अग्रवाल (हर्बल मेडिसीन) नया बस स्टैण्ड के अंदर, गोलू पोहा जलेबी होटल के ऊपर शॉप नं. 25 दुर्ग (छ.ग.)
स्थायी चिकित्सा परामर्श के लिए मिले मो. 7587099540 (आने से पहले फोन करें)
विज्ञापन हेतु संपर्क करें : 0771- 4242213, 7987119756, 9303508133




समाचार एवं विज्ञापन के लिए संपर्क करें
जर्नलिस्ट आर.के. दास (अधिकृत पत्रकार, बसना-महासमुंद) आदर्श नगर बसना 7400503002, 8319871590

## खबर संक्षेप

### शिशु संस्कार केंद्र के बोर्ड परीक्षा परिणाम में छात्राओं का रहा वर्चस्व

**महासमुंद।** शिशु संस्कार केंद्र उमावि के कक्षा 10वीं का परिणाम 89.52 प्रतिशत एवं कक्षा 12वीं का परिणाम 85.11 प्रतिशत रहा। कक्षा 10वीं में सर्वोत्तम अंक गुणेश्वरी पटेल ने 600 अंकों में 567 अंक 94.5 प्रतिशत एवं काजल चंद्राकर 600 अंकों में 563 अंक 93.8 प्रतिशत, पूजा शर्मा 600 अंकों में 560 अंक 93.3 प्रतिशत अंक प्राप्त कर शाला का मान बढ़ाया। वहीं कक्षा 12वीं प्रथम जुबेरिया मनिहार 500 अंकों में 439 अंक 87.8 प्रतिशत, द्वितीय सपना सोनी 500 अंकों में 419 अंक 83.8 प्रतिशत, निरजरा 500 अंकों में 409 अंक 81.8 प्रतिशत प्राप्त किया। छात्रों की सफलता पर शाला प्रबंधन समिति के सदस्यों एवं प्राचार्य व शाला स्टाफ ने हर्ष जताया है।



### खरोरा में मनाई गई परशुराम की जयंती

**महासमुंद।** ग्राम खरोरा में भगवान परशुराम की जयंती मनाई गई। भगवान परशुराम की प्रतिमा को फूल से सजाया गया। उसके बाद भगवान परशुराम की आरती की गई। इस दौरान सभी ने भगवान परशुराम के जयकारे लगाए। बता दें कि परशुराम को भगवान विष्णु का छठा अवतार माना जाता है। उनकी जयंती वैशाख मास के शुक्ल पक्ष की तृतीया तिथि को मनाई जाती है। पौराणिक मान्यताओं के अनुसार भगवान परशुराम का जन्म प्रदोष काल में तृतीया तिथि में हुआ था। इस साल परशुराम जयंती को 10 मई को मनाई गई। इस अवसर पर मितानिन कौशल्या चंद्राकर, लता चंद्राकर, भारती चंद्राकर, दामिनी चंद्राकर, अंजू चंद्राकर, संवेदना समूह खरोरा के सदस्य मुकेश चंद्राकर मौजूद रहे।

### कृपा कावड़े ने 12वीं में 84 प्रतिशत अंक प्राप्त किया

**धमतरी।** बांसपारा निवासी पूनम कावड़े, स्व. मुकुंद कावड़े की सुपुत्री कृपा कावड़े (गौरी) ने कक्षा 12वीं कामर्स विषय में 84 प्रतिशत अंक प्राप्त कर स्कूल में प्रथम स्थान प्राप्त किया है। उनकी इस उपलब्धि पर दादी हेमलता कावड़े, परिवार जन एवं नगरवासियों ने हर्ष व्यक्त किया है।

## बच्चों ने रचाया गुड्डे-गुड़ियों का विवाह



**महासमुंद।** क्षेत्र में अक्षय तृतीया का पर्व धूमधाम से मनाया गया। इस अवसर पर बच्चों ने गुड्डे-गुड़ियों का विवाह रचाया। चुलमाटी, हल्दी, बारात स्वागत जैसे संस्कार बच्चों ने बखूबी निभाया। वहीं आगंतुकों को जलपान भी कराया। वार्ड 14 चांडक पेट्रोल पंप गली में भी अक्ती पर्व पर बच्चों का उत्साह देखते बन रहा था। दो दिनों से यहां के बच्चे गुनगुन, रिया, राज, कान्हा, चीनी, निन्नी पर्रा, कलसा लेकर घरों में घूम-घूम कर विवाह उत्सव मनाते रहे। संध्या बेला में धूमधाम से गुड्डे गुड़ियों का विवाह रचाया।



## किसानों ने ठाकुर देव को अर्पित किया धान

**महासमुंद।** ग्राम लहंगर में अक्षय तृतीया पर्व पर किसानों ने परसा पान के दोना में धान को ठाकुर देव को अर्पित किया। बाद गांव के बैगा सदाराम ध्रुव ने विधि विधान के साथ पूजा अर्चना करते हुए गांव के किसानों को अच्छी फसल होने के लिए दोनों में धान प्रदान किया। जिसे किसानों अपने खेतों में छिड़क कर धान की बुआई की शुरुआत की। उक्त जानकारी गांव के किसान राधेलाल सिन्हा ने दी है।

## बम्हनी में मनाया अक्षय तृतीया का पर्व



**महासमुंद।** ग्राम बम्हनी में अक्षय तृतीया का पर्व मनाया गया। गांव की बालिकाओं ने अपने हाथों से मिट्टी के गुड्डा-गुड़िया बनाकर विवाह कराया। अक्ती पर गुड्डे-गुड़िया के विवाह को लेकर बच्चों में खासा उत्साह देखने को मिला।

# अक्षय तृतीया पर किसानों ने देवी-देवताओं में धान चढ़ाकर की पूजा-अर्चना

हरिभूमि न्यूज ⏭ महासमुंद

शुक्रवार को बिरकोनी क्षेत्र में अक्षय तृतीय का पर्व धूमधाम से मनाया गया। हिंदू नववर्ष के बाद से ही किसानों का पहला त्यौहार माना जाता है। सुबह से ही किसान गांव में स्थित इष्ट देवी, देवता, ठाकुर देवता की पूजा कर, गांव में सुख-समृद्धि की कामना की और चना, महुआ, धान का भोग लगाया। यह दिन किसानों का सबसे बड़ा दिन माना जाता है। ठाकुर देवता में सुबह से ही खुशहाली की रौनक रही। किसान पहले खेत में धान, महुआ, चना व रोटी चढ़ाकर पूजा अर्चना की। साथ ही खेतों में मुट्ठी भर धान का छिड़काव कर खेती की शुरूआत की।

ग्राम में स्थित कुल देवी देवता खल्लारी माता, मौली माता, महामाया माता, शीतला माता, बजरंग बली, महादेव, शक्ति, शिवलिंग, रामजानकी, सरस्वती मंदिर में किसानों ने झोला में धान और तालाब से जल अर्पित किया। सर्वप्रथम महामाया मंदिर, शीतला मंदिर व महादेव मंदिर में पूजा पाठ की गई। बाद अन्य मंदिरों जाकर दोना पत्तल में धान, महुआ,चना अर्पित किया। और अच्छी फसल व खुशहाली की



कामना की गई। वहीं किसान अपने खेत में जाकर मुट्ठीभर धान का छिड़क कर खेती-किसानी की शुरूआत की।

### भगवान परशुराम की हुई पूजा

राम जानकी मंदिर में अक्षय तृतीय पर भगवान परशुराम की पूजा अर्चना हुई। आचार्य लक्ष्मी नारायण वैष्णव ने बताया कि पौराणिक मान्यताओं के अनुसार भगवान विष्णु के छठे अवतार भगवान परशुराम का जन्म भी इसी तृतीया को हुआ था। सतयुग की समाप्ति के बाद त्रेता युग का आरंभ हुआ। परशुराम के अलावा इस दिन ही भगवान विष्णु के नर नारायण अवतार भी अवतरित हुए थे। भगवान कृष्ण ने सुदामा की चावल की पोटली खोलकर इसी दिन खाया था। इन्हीं चावलों से उनकी गरीबी सदा के लिए दूर हो गई, जो कि आज की परंपरा किसानों सहित देश के सभी व्यक्तियों के लिए अन्न जीवन के लिए एक उपयोगी है। इस दिन दिए गए दान से मिलने वाला पुण्य कभी समाप्त नहीं होता। इसका दान करने से दरिद्रता दूर होती है, जो आज भी कायम है। आज के दिन शादी के बंधन में बंधने से दांपत्य जीवन की प्राप्ति होती है।

# कक्षा बारहवीं वाणिज्य संकाय का परीक्षा परिणाम रहा शत-प्रतिशत

हरिभूमि न्यूज ⏭ महासमुंद

- कुल 42 में से 28 प्रथम तथा 14 विद्यार्थी द्वितीय श्रेणी रहे

शासकीय आशीबाई गोलछा उच्चतर माध्यमिक विद्यालय के कक्षा बारहवीं वाणिज्य संकाय का परीक्षा परिणाम शत प्रतिशत रहा। कक्षा में कुल 42 विद्यार्थी थे, जिनमें से 28 विद्यार्थी प्रथम श्रेणी तथा शेष 14 विद्यार्थी द्वितीय श्रेणी से उत्तीर्ण हुए हैं। वाणिज्य संकाय के कक्षा शिक्षक तथा कक्षा में एकाउंटेंसी व हिंदी पढ़ाने वाले व्याख्याता तोषण गिरि गोस्वामी विधानसभा तथा लोकसभा निर्वाचन में जिला मास्टर ट्रेनर के रूप लगातार व्यस्त रहने के कारण नियमित कक्षा नहीं ले पाते थे।

इसलिए उन्होंने अतिरिक्त क्लास लेकर विद्यार्थियों को परीक्षा की तैयारी कराई। साथ ही विद्यार्थियों के घर-घर जाकर उनके पालकों से संपर्क करते रहे। इतना ही नहीं, उनकी कक्षा के सभी विद्यार्थी सुबह 4 बजे उठकर पढ़ाई करते थे और अपने उठने की जानकारी व्हाट्स एप ग्रुप में प्रतिदिन गुड मॉर्निंग बोलकर देते थे। अगर सुबह 5 बजे तक किसी का संदेश नहीं आता था तो वे उस विद्यार्थी के पालकों को फोन कर जानकारी लेते थे। इन छोटे-छोटे प्रयासों का बहुत ही सार्थक परिणाम प्राप्त हुआ और कक्षा के सभी विद्यार्थी सफलता प्राप्त किए।

इसी तरह शाला के कला संकाय का 93 प्रतिशत, विज्ञान संकाय का 87 प्रतिशत तथा गृह विज्ञान संकाय का 81 प्रतिशत परीक्षा परिणाम रहा। प्राचार्य जीआर सिन्हा, वरिष्ठ व्याख्याता विमल मन्नाडे, विवेक रहटगांवकर आदि ने इस सफलता पर शाला के समस्त शिक्षक-शिक्षिकाओं ने हर्ष जताया है।

# भागवत कथा का एक अध्याय सुनाकर किया परशुराम की महिमा का बखान

हरिभूमि न्यूज ⏭ कोमाखान

शुक्रवार को विप्र सभागार कोमाखान में ब्राम्हण समाज द्वारा प्रातः भगवान परशुराम के जन्मोत्सव पर उनकी छायाचित्र का विधिनुसार व मंत्रोपचार से पूजन आराधना कर संपूर्ण क्षेत्र व सर्व मानव समाज की श्रेष्ठ मंगल कामना की गई। पूजन में आचार्य पंडित मोतीलाल तिवारी महाकाली शक्तिपीठ टेमरी द्वारा भगवान के विभिन्न अवतारों का भागवत कथा के एक अध्याय के माध्यम से भगवान परशुराम की महिमा का



बखान किया गया। उड़िया भाषा में स्व स्वर मंत्रोपचार कर सभा को मंत्रमुग्ध कर दिए। उन्होंने पूजन में आए सभी विप्रजनों को रामायण मनका तथा परशुराम का तेल चित्र पोस्टर भेंट किए। आने वाले समय 19 व 20 मई को आयोजित कार्यक्रम जिसमें 31 बटुकों का उपनयन संस्कार, वार्षिक सांस्कृतिक कार्यक्रम व सम्मान समारोह पर विस्तार से चर्चा कर प्रमुखों को जिम्मेदारियां दी गई। कार्यक्रम में मुख्य रूप से समाज प्रमुख पंडित शिव प्रसाद उपाध्याय, सचिव पंडित डॉ. विजय शर्मा, आचार्य कीर्ति उपाध्याय, आचार्य पं .मोतीलाल तिवारी, आचार्य सुनील शुक्ल, पं. हिरेंद्र उपाध्याय, पं.कांति तिवारी कोसमर्रा, पं.अरुण शुक्ल तथा युवा विंग से जितेंद्र खरे, तनुज उपाध्याय उपस्थित रहें।

# तीन दिवसीय शिविर में व्यक्तित्व निर्माण सफल जीवन और नशामुक्ति के दिए टिप्स

हरिभूमि न्यूज ⏭ महासमुंद

अखिल विश्व गायत्री परिवार द्वारा गायत्री शक्तिपीठ में आयोजित निःशुल्क तीन दिवसीय व्यक्तित्व विकास शिविर का समापन गायत्री परिवार के वरिष्ठ ललित मेश्राम, बोधराम साहू, शशिप्रभा थिटे, डॉ साधना कसार, सांतुलाल साहू, परस चौहान, नरेंद्र नायक एवं अन्य वरिष्ठजनों की उपस्थिति में समापन किया गया।

कार्यक्रम 8 मई से 10 मई तक संचालित हुआ। जिसमें विभिन्न विषय जैसे कैरियर निर्माण, स्वस्थ कैसे रहे ? व्यक्तित्व निर्माण के सूत्र, सफल जीवन के सूत्र, नशा मुक्ति, नारी जागरण, बालिका शिक्षा, केरियर निर्माण आदि विषयों पर पावर पॉइंट माध्यम से प्रस्तुति दी गई। प्रशिक्षक के रूप में भारत साहू, नरेश साहू, हरीश डडसेना, खेमिन साहू, प्रियंका नागदेवे, मनोरमा साहू ने शानदार प्रस्तुति दी। कार्यक्रम का संचालन भारत साहू प्रमुख जिला युवा प्रकोष्ठ ने किया। शिविर में प्रत्येक दिवस प्रातःकाल ध्यान, योग एवं प्राणायाम कराया गया।



तत्पश्चात प्रार्थना के साथ सत्र का शुभारंभ किया जाता था। शिविर में आसपास के गांव खैरा, मचेवा, बेमचा, लभरा एवं महासमुंद से लगभग 80 बच्चों ने शिविर में भाग लिया। अंतिम दिवस में बच्चों ने अपने अनुभव साझा किया। साथ ही बच्चों से प्रश्नोत्तरी का कार्यक्रम रखा गया। बच्चों ने बहुत ही उत्साहपूर्वक कार्यक्रम में भाग लिया। सभी बच्चों को अतिथियों द्वारा प्रमाण पत्र वितरण किया गया। मेश्राम ने सभी को बधाई देते हुए गायत्री एवं यज्ञ को जीवन में उतारने व अपने घर-घर में स्थापित करने की बात कही। साधना कसार ने बच्चों को नशा से दूर रहकर सदा जीवन उच्च विचार के रास्ते पर चलने के लिए प्रेरित किया। शशिप्रभा थिटे ने तीन दिवसीय शिविर में बताए गए सभी सूत्रों को जीवन में उतार कर अच्छे नागरिक बनने के लिए प्रेरित किया। नरेंद्र नायक ने सभी बच्चों को 23 मई बौद्ध पूर्णिमा को यज्ञ में भाग लेने और हर घर में यज्ञ करने के लिए निवेदन किया। शांति पाठ के साथ कार्यक्रम का समापन किया गया।

## गुड शेपर्ड स्कूल में दसवीं एवं बारहवीं का परीक्षा परिणाम रहा संतोषजनक




**महासमुंद।** गुड शेपर्ड हायर सेकेंडरी स्कूल का कक्षा दसवीं एवं बारहवीं का परीक्षा परिणाम संतोषजनक रहा। कक्षा दसवीं में 59 नियमित छात्रों ने परीक्षा में सम्मिलित हुए। उनका उत्तीर्ण प्रतिशत 91.5 रहा। शाला में प्रथम खुशबू चंद्रवंशी (94.5), द्वितीय रीतू मंगेशकर (90.8), तृतीय विवेक पटेल (86.8) एवं कक्षा बारहवीं में 52 छात्रों ने परीक्षा में सम्मिलित हुए, उत्तीर्ण प्रतिशत 79 रहा। बारहवीं में प्रथम एकता साहू (78), द्वितीय आर्यन चंद्राकर (75.6) एवं तृतीय अंजलि साहू (73.6) लाकर संस्था का नाम गौरवान्वित किए। छात्रों की सफलता पर संस्था के डायरेक्टर डॉ जार्ज रावटे एवं अनिता जी रावटे समेत स्कूल स्टाफ ने हर्ष जताया है।

# जियो रेफ्रेंसिंग और भूमि रिकॉर्ड डिजिटलीकरण को लेकर राजस्व अधिकारियों का उन्मुखीकरण

हरिभूमि न्यूज ⏭ महासमुंद

भूमि और फसल संबंधी रिकॉर्ड को अद्यतन करने जियो रेफ्रेंसिंग तकनीक के माध्यम से किया जाएगा तथा खसरा और नक्शा का मैप के माध्यम से वास्तविक रूप से मिलान किया जाएगा। इस संबंध में सभी राजस्व अधिकारियों को चिप्स के अधिकारी द्वारा प्रशिक्षण दिया गया। प्रशिक्षण में बताया गया कि जो वास्तविक खसरा है उसे सैटेलाइट मैप के माध्यम से मिलान किया जाएगा। इससे गांव की सीमा सहित भूस्वामी का वास्तविक खसरा और नक्शा की जानकारी होगी तथा इसे ऑनलाइन देखा जा सकेगा। इसके



लिए आवश्यक दिशा निर्देश दिए गए। सर्वेक्षण में शासकीय जमीन का चिन्हांकन, विवादित जमीन का मौका जांच करना शामिल है। यह कार्य पायलेट प्रोजेक्ट के रूप में महासमुंद, धमतरी और कबीरधाम जिला में प्रारंभ है। महासमुंद में भी इस तरह का सर्वे कार्य किया गया है। प्रेजेंटेशन के दौरान राजस्व सचिव अविनाश चंपावत, संचालक लैंड रिकॉर्ड रमेश शर्मा, चिप्स के सीईओ रितेश अग्रवाल, कलेक्टर प्रभात मलिक, एडिशनल आयुक्त लैंड रिकॉर्ड संतोष देवांगन सहित जिले के सभी अनुविभागीय अधिकारी, तहसीलदार, नायब तहसीलदार और आरआई, पटवारी मौजूद थे।

राजस्व सचिव अविनाश चंपावत ने कहा कि इस वर्ष धान खरीदी के पूर्व एप्प के माध्यम से बोए गए फसल का गिरदावरी किया जाएगा। इसके लिए आवश्यक रणनीति बनाकर इसे सितंबर, अक्टूबर माह में पूर्ण करना है। गिरदावरी में कृषकों का पंजीयन समेत फसलों की जानकारी फार्म और फार्मर आईडी बनाया जाएगा। इससे फसल बीमा सहित किसानों को लोन लेने में सहूलियत होगी। उन्होंने कहा कि यह रिकॉर्ड को डिजिटलीकरण करने की दिशा में महत्वपूर्ण कार्य है।




